# शासकीय बालक महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर का जन्मदिन उत्साह से मनाया

## बाबा सहाब ने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया था – सीईओ गुप्ता



**बाग।** राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक महाविद्यालय छात्रावास बाग, विकासखंड बाग में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम सामाजिक समानता, शिक्षा और संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण से की गई।

इस अवसर पर आदरणीय मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्टश्वह्) श्री विष्णु गुप्ता साहब एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. बघेल साहब द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दोनों अधिकारियों ने बाबा साहब के महान व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री विष्णु गुप्ता साहब ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के सशक्त समर्थक भी थे। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों और संघर्षों का सामना करते हुए शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बनाया और समाज के वंचित वर्गों को आगे बढ़ने का मार्ग दिखाया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर शिक्षा को अपना मुख्य लक्ष्य बनाएं और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. बघेल साहब ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझते हुए समाज में फैली असमानता और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। उनके प्रयासों से ही आज भारत का संविधान हमें समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ अध्ययन करें तथा बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने भी बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष और उनके विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यार्थियों ने बताया कि डॉ. आंबेडकर का जीवन यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प और मेहनत के साथ आगे बढ़े तो वह निश्चित रूप से सफलता प्राप्त कर सकता है। उनके विचार आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक श्री कासम कनौज भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। बाबा साहब के विचारों को समझना और उन्हें अपने जीवन में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह से प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण रहा। अंत में सभी उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में समानता तथा भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस प्रकार राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह शासकीय बालक महाविद्यालय छात्रावास बाग में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती गरिमा और उत्साह के साथ संपन्न हुई, जिसने सभी को उनके महान विचारों और आदर्शों को याद दिलाया।

## नारी शक्ति वंदन व पोषण पखवाड़ा
## पोषण के प्रति किया महिलाओं को जागरूक



**निसरपुर।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पोषण पखवाड़ा अभियान कार्यक्रम अंतर्गत महिला बाल विकास परियोजना सेक्टर क्रमांक एक में सामूहिक रूप से पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को निसरपुर सेक्टर क्रमांक एक में महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती धात्री महिलाओं को संतुलित आहार, हरी सब्जियां, तिरंगा भोजन के महत्व के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में परियोजना प्रभारी रेशम चौहान सेक्टर सुपरवाइजर संगीता दौणे पुष्पा बैनल चंपा एसके महेंद्र सोलंकी मुकेश सस्तीया और सेक्टर क्रमांक 1 की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिका एवं हितग्राही महिलाएं मौजूद रही।

# निसरपुर के कोलगांव में नवनिर्मित मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

## 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक होंगे पांच दिवसीय धार्मिक आयोजन, महायज्ञ के साथ–साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे

**निसरपुर (विशाल गुप्ता)।** निसरपुर- ब्लॉक के ग्राम कोलगांव में नवनिर्मित मंदिर में श्री राम दरबार, श्री राधा-कृष्ण, शिव परिवार एवं अंबिका माताजी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय महोत्सव का आयोजन 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। इस दौरान महायज्ञ के साथ-साथ विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।



सुसारी से करीब 7 किलोमीटर दूर उरी नदी के किनारे बसे ग्राम कोलगांव का श्री खाटू श्याम मंदिर क्षेत्र में प्रसिद्ध है। इसी मंदिर परिसर में पाटीदार समाज द्वारा इस भव्य आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन आचार्य पं. अरुण जोशी (कुक्षी) के सानिध्य में होगा। महोत्सव की शुरुआत 16 अप्रैल, गुरुवार को सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, जिसके बाद जलाधिवास की विधि संपन्न की जाएगी। 17 अप्रैल, शुक्रवार से यज्ञ एवं हवन प्रारंभ होंगे। 18 अप्रैल, शनिवार को सप्त शांति हवन का आयोजन किया जाएगा। 19 अप्रैल, रविवार को मूर्तियों की नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। महोत्सव का समापन 20 अप्रैल, सोमवार को मंदिर में विधिवत प्राण प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन रात्रिकालीन धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। 16 अप्रैल को सुंदरकांड पाठ, 17 अप्रैल को गरबा रास, 18 अप्रैल को भजन संध्या और 19 अप्रैल को भगवान का बाना निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर पाटीदार समाज एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर परिसर में यज्ञशाला का निर्माण किया गया है तथा आकर्षक विद्युत सज्जा से पूरे क्षेत्र को सजाया गया है। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## पगड़ी रस्म के दौरान दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, गौशाला, मंदिर और अस्पताल में दिया दान



**अमझेरा।** नगर के पूर्व शिक्षक रमेशचंद्र जी शर्मा की मंगलवार को पगड़ी रस्म के दौरान उनके स्वजनों के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगो में जागरूकता का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही गई एवं त्रिवेणी रूपी नीम,बरगद व पीपल के पौधे का वितरण किया गया इसके साथ ही श्री शर्मा की स्मृति में उनके स्वजनों के द्वारा ब्राहमण समाज धर्मशाला में 51 हजार ,श्रीकृष्ण रूकमणी गौशाला अमझेरा में 22 हजार रू. एवं 10 क्विंटल मक्की व 1 क्विंटल गुड का बाटा एवं अमझेरा हास्पिटल के लिए 1 पलंग व 1 व्हीलचेअर के साथ ही विश्वमंगल धाम तारखेड़ी मंदिर के लिए 21 हजार रू. दान किये गये । इस मोके पर संत समाज के श्रीश्री 1008 मंहत श्री घनश्यामदासजी महाराज, श्री नारायणदासजी महाराज,प्रेमनारायण दीक्षित,मनोहर दीक्षित,जगदीश दीक्षित निलांबर शर्मा,योगेश्वर शर्मा,दामोदर शर्मा,अजय शर्मा,विजयकुमार शर्मा सहीत बड़ी संख्या में नगरजन व जनप्रतिनिधिगण मौजुद रहे ।

## धूमधाम से मनाया श्री वल्लभ प्राकट्य एवं नंदोत्सव, निकाला चल समारोह



**अमझेरा।** नगर के पुष्टिमार्गी वैष्णव समाजजनों के द्वारा श्री वल्लभ प्राकट्य उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जिसके तहत श्री गोवर्धन नाथ मंदिर से बैंड़-बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं नगरजन सम्मिलीत हुए तथा रास्ते भर महिलाओं एवं बालिकाओं के द्वारा गरबा नृत्य किया गया। चल समारोह में सुसज्जित रथ में श्री वल्लभजी का चित्र लगाया गया जो सभी का आकर्षण का केन्द्र बना हुआ था। इसी के साथ मंदिर परिसर में श्री नंदोत्सव भी मनाया गया । आरती एवं प्रसादी का वितरण किया गया।





# सेन जयंती महोत्सव एवं श्री सेन मिलन समारोह का आयोजन हुआ

**मनावर।** श्री श्री 1008 श्री श्री राम सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रात श्री राम सेन जी महाराज के मंदिर में मूर्ति स्थापना यज्ञ आरती पूजन के पश्चात नगर में श्री सेन जी महाराज की शोभायात्रा निकल गई शोभायात्रा में संत श्री मंगल गिरी महाराज एवं संत श्री कैलाश भारती जी बगगी पर विराजमान थे साथ ही घोड़े ढोल बाजे के साथ समाज के महिला पुरुषों बच्चों बैंड बाजा की धुन एवं ढोल कि थाप पर नाचते गाते श्री सेन जी महाराज एवं श्री कृष्ण भगवान के जयकारे के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री श्रीअंबेडकर चौराहे पर पहुंची तथा समाज के प्रमुख जनों द्वाराबाबा साहब की प्रतिमा प माल्यार्पण किया तथा बाबा साहब अंबेडकर अमर रहे के नारे जय कारें लगाएं शोभायात्रा का नगर में पुष्प वर्षा कर जगह-जगह भारतीय जनता पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राष्ट्रीय स्वयं संघ आदि ने भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा साहब के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में श्री सेन समाज सम्मेलन एवं सेन जयंती महोत्सव पर मंचिय, कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजन में सर्वप्रथम मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री मंगलगिरी जी महाराज मुख्य अतिथि श्री मंगल गिरी जी महाराज विशेष अतिथि श्री कैलाश भारती जी महाराज भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जी सेन जिनके द्वारा मूर्ति महाराज की मूर्ति प्रदान की गई थी उनकी माता श्री श्रीगीताबाई राठौर सेन भारतीय सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री करण सिंह जी दरबार प्रदेश प्रवक्ता जयप्रकाश सेन भारतीय सेन समाज के जिला अध्यक्ष माधव सेन नगर अध्यक्ष अशोक पडीयार संरक्षक रमेश सेन समाजसेवी रामेश्वर जी सेन द्वारा सेन जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित किया। मंच पर अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा नगर में समाज की प्रति भाओ एवं प्रमुख जनों का सम्मान किया संत जनों को शाल श्रीफलभेटकर सम्मानित किया संत जनों द्वारा समाज जनों को आशीर्वच न से सरोबार करकृतार्थ किया सभा को माधव सेन जयप्रकाश सेन यशवंत देवडा ने संबोधित किया राष्ट्रीयकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सेन का संदेश वाचन जयप्रकाशब सेन किया। कार्यक्रम कासंचालन गणेश सेन ने किया आभार अशोक परिहार ने माना।

# डही में 178 प्रगणक और 30 सुपरवाइजर लेंगे प्रशिक्षण



**डही।** जनगणना- 2027 के तहत पहले चरण में एक मई 2026 से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जाना है।? यानी मई में मकानों की गिनती होगी जबकि लोगों की गणना अगले वर्ष शुरू की जाएगी। विकासखंड डही में जनगणना कार्य में 162 प्रगणक एवं 16 रिजर्व प्रगणक कुल 178 प्रगणक (एचएलओ) एवं 27 सुपरवाइजर एवं तीन रिजर्व सुपरवाइजर की नियुक्ति की गई है। इन्हें डही के शासकीय सांदीपनि विद्यालय में प्रथम चरण में 15, 16 एवं 17 अप्रैल को और द्वितीय चरण में 19, 20 एवं 21अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मोबाइल एप और ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग का हैंड्स-ऑन तरीके से अभ्यास प्रशिक्षण में दिया जाएगा। तहसील कार्यालय के इंदरसिंह कर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी ललीता गडरिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रशिक्षण की सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है।? प्रशिक्षण सांदीपनि विद्यालय में सुबह 9:30 बजे से प्रारंभ होगा।

**मोबाइल एप के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाएगा–** खास बात यह है कि इस बार की जनगणना डिजिटल होगी। मोबाइल एप एवं पोर्टल के माध्यम से डेटा एकत्र किया जाएगा। साथ ही स्व-गणना के तहत नागरिक भी 15 दिनों की अवधि में खुद भी अपनी जानकारी पोर्टल पर भर सकते हैं। जनगणना कार्य में लगे कर्मचारियों को आधुनिक तकनीक और प्रक्रियाओं से पूरी तरह दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षण दिए जाएंगे, ताकि जमीनी स्तर पर कार्य बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके।

**प्रगणकों को मिलेगा 25 हजार रुपए मानदेय –** जनगणना कार्य में नियुक्त प्रगणकों को मकानों की गणना के लिए नौ हजार रुपए एवं जनसंख्या गणना के लिए 16 हजार रुपए इस तरह कुल 25 हजार रुपए मानदेय मिलेगा। वही जनगणना कार्य में नियुक्त राज्य स्तर से लेकर तहसील स्तर तक के अधिकारियों को दोनों चरण में कुल 30 हजार रुपए से लेकर 75 हजार रुपए तक मानदेय मिलेगा। 150 घर या 800 की आबादी पर एक प्रगणक नियुक्त होंगे।

**पहले फेज में मकानों की लिस्टिंग, 33 सवाल होंगे–** मकानों की सूचीकरण के दौरान प्रगणक 33 सवालों के आधार पर जानकारी लेंगे। इनमें जनगणना मकान नंबर क्या है। मकान के फर्श में, दीवार में, छत में क्या सामग्री यूज हुई है। जनगणना मकान का उपयोग। जनगणना मकान की हालत क्या है। परिवार क्रमांक क्या है। परिवार में रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या। परिवार के मुखिया का नाम। मकान के मालिकाना हक की स्थिति क्या है। परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कुल कमरों की संख्या कितनी है। पेयजल, बिजली, शौचालय का मुख्य सोर्स क्या है। जैसे 33 सवाल रहेंगे।

## नगर कांग्रेस द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई





**मनावर से बसन्त ज़ख्मी।** नगर कांग्रेस कमेटी मनावर द्वारा बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर जी की जयंती पर अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर फूल माला पहना कर बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगाए इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसका स्वागत कांग्रेस जनों ने किया । वही संत शिरोमणि सेन समाझ के चल समारोह का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी, नगर पालिका नेता प्रतीपक्ष श्रीमती लक्ष्मी जाट, निरंजन डावर, आदिवासी कांग्रेस महासचिव सुनील स्टार चौहान,अरुण गर्ग, दिलीप सिंगार, अनिल मकवाना, अखलेश कुशवाह, अख्तर बी, सूरज जाट , मुकेश शिवदे, आरिफ मंसूरी, सचिन भावले , पवन पंवार, महेश सुरंशी, निधि जाट, योगेश जख्मी, जाकिर खत्री, डॉ जगदीश दामके , दिलीप पटेल, जगदीश मालवी, पार्षद जिमी सावनेर , सीताराम सोलंकी, आशीष पाटीदार, महेंद्र बरफा, ऋषभ कीमती, राहुल वर्मा, अमर सेन, करण सिंग दादा आजम खान, अदनान बोहरा, इकबाल दाऊदी, दिनेश ठाकुर, राजेश चौहान, पवन पंवार आदि अनेक कांग्रेस जनों ने स्वागत किया।

# कुक्षी में अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी बाबा साहेब को किया नमन



**कुक्षी।** बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर एक अद्वितीय व्यक्तित्व थे उनका की सानी नहीं था । उक्त विचार संस्था प्रभारी नरेन्द्र कुमार सिर्वी ने रखे । बाबा साहेब जयंती शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुक्षी में आयोजित की गई । उद्बोधन में बी एल गहलोत, कविता मुकाती जगदीश गुप्ता पन्नालाल बरफा व अनिल पांडे ने दिया। नितेश गोयल ने संचालन किया। आभार दिनेश डावर ने माना । संस्था का स्टॉफ मौजूद रहा । इसके पूर्व 8 अप्रैल से 14 अप्रैल के मध्य रंगोली , चित्रकला , निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें मनोज साधु , सुनिता बघेल , दुर्गा जामोद , वर्षा साधु , निशा सिर्वी , पिंकी डावर , पिंकी राणे , अब्दुलवहाब खत्री आदि का योगदान रहा ।